अमर उजाला 26/01/2025

जीएमएन कॉलेज में मनाया मतदाता दिवस

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वीरवार को मतदाता दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित्त दत्त ने मतदाता दिवस की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वोटर्स-डे की शुरुआत साल 2011 में हुई थी। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने बताया कि जागरूकता के लिए कैडेटों को गांव में जाकर लोगो को 18 वर्ष के व्यक्तियों को अपना वोटर कार्ड बनवाने और मतदान केंद्रों पर जाकर मत देने को कहा गया। राजनैतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ एसएस नैन के नेतृत्व में राष्ट्रीय मतदाता दिवस रैली व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ सरोज बाला, डॉ राजेंद्र देशवाल, लवप्रीत, सुषमा शर्मा, रूपाली शर्मा उपस्थित रही। संवाद